50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79)
डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24
Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 15 °c
अधिकतम 30 °c

आज की अमृतवाणी

भरोसा जितना कीमती होता हैं, धोखा उतना ही महंगा हो जाता है।

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

अफसर, भूमि कब्जाने वाले भूमाफिया को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई करें : योगी

स्पोक अगर ढीले हों तो.. पहिये में लहक आ जाती है....

सूर्योदय : 6:29
सूर्यास्त : 5:36
वर्ष : 50/ अंक : 297 | शुक्रवार, 28 अक्टूबर 2022 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, तृतीया, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

ली सेल्फियां, बांटा प्यार, पाए ढेर सारे उपहार

▶ माथे पर तिलक व अक्षत में चमका भाई बहन का प्यार ▶ भैयादूज पर्व पर उपहार और चॉकलेट पाकर बहनें और बच्चे हुए प्रफुल्लित

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। भाईयों के माथे पर तिलक और अक्षत। बहनों के हाथों में उपहार स्वरूप नगद, मिठाई और अन्य सामग्री। इस माहौल में छलकते भाई बहन के प्रेम के अटूट बंधन के पर्व भैया दूज पर जहां बहनों ने भाईयों की दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की, वहीं भाईयों ने उनकी रक्षा का संकल्प लिया। दूर से आए भाइयों के लिए बहनों ने कई स्थानों पर लंबा इंतजार किया। युवाओं और छोटे बच्चों में इस पर्व पर खास उत्साह रहा और आपसी चुहल के साथ पुरानी यादों की स्मृतियां ताजा की गईं।

दीपावली के पंच पर्व की श्रंखला में आज भैया दूज का त्यौहार अपनी पारंपरिक आभा के साथ मनाया गया। वैसे तो बुधवार से ही भैया दूज के तिलक का काम शुरू हो गया था। आज सुबह से तो पूरा दिन पर्व के नाम रहा। सुबह से ही भाई अपनी बहनों के यहां तिलक के लिए पहुंचना शुरू हो गए थे। परिवार के बच्चे सुबह से ही सजधज कर इस पर्व की खुशी मनाने लगे थे। खील, बतासों और मिठाई के साथ रोली अक्षत से सजे थाल लिए बहनें भाईयों का इंतजार करती दिखाई दीं। बहनों ने भैया दूज की कथा सुनने के बाद तिलक की रस्म को निभाया और नारियल गोला देकर भाईयों के दीर्घायु होने और उनकी अच्छे स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बदले में उन्हें उपहार स्वरूप नगद राशि, मिठाई और अन्य उपहार प्रदान किए। इस दौरान ससुराल में पहली बार भैया दूज मना रही बहनों में खास उत्साह नजर आया। अनेक लोग अपने परिवार के बच्चों के साथ बहनों के यहां पहुंचे। इससे परिवार में त्यौहार का उल्लास दूना हो गया। अनेक लोगों को एक से अधिक स्थानों पर जाना पड़ा तो उनके लिए आज का दिन खासा व्यस्त रहा। इसके अलावा जिन बहनों के भाईयों को दूर से आना था, उनकी प्रतीक्षा की घड़ियां भी काफी लंबी रहीं। त्यौहार में तिलक के लिए कुछ विशेष मुहूर्त बताए गए थे, लेकिन आज संध्या तक दूज की तिथि रहने के कारण किसी ने मुहूर्त की परवाह नहीं की। बच्चों में इस पर्व को लेकर खास उत्साह था। बुआओं और बहनों में अपने छोटे भाई भतीजों के लिए खास प्रेम उमड़ा। बच्चों को मिलने वाले उपहार भी अलग थे। आम तौर पर बहनों को जहां सूट और साडी जैसे वस्त्र उपहार में मिले, वहीं बच्चों के लिए रेडीमेड गारमेंट्स और चॉकलेट और दूसरी वस्तुएं उपहार में दी गईं। उपहार पाकर बच्चे इठलाते हुए नजर आए। ससुराल में पहुंचे भाईयों से बहनों ने जहां परिवार की कुशल क्षेम पूछी वहीं परिवार में पुराने दिनों में मनाई गई भैया दूज की यादों को भी ताजा किया। तिलक के साथ भाईयों का मुंह मीठा कराया गया।

भैयादूज पर्व पर जहां बहनों ने भाईयों को तिलक कर उनके दीर्घायु की कामना की वहीं इस दिन अपनी बहनों से मिलने के लिए घरों से निकले लोगों को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। फोटो बुलेटिन

केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

रुद्रप्रयाग, 27 अक्टूबर (वार्ता)। भैया दूज के पवित्र मौके पर सुबह 8:30 बजे भगवान केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। मुख्य पुजारी टी गंगाधर लिंग ने पूजा अर्चना के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच कपाट बंद किए। इससे पहले भगवान की समाधि पूजा की गई। अब छह महीने शीतकाल में केदारनाथ की पूजा अर्चना ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होगी। सेना के बैंडों की मधुर धुनों के बीच हजारों भक्तों ने बाबा केदार के जयकारों के साथ डोली यात्रा को लेकर गौरीकुंड के लिए प्रस्थान किया। डोली पैदल यात्रा के प्रथम दिन आज रामपुर पहुंचेगी। जबकि इसके बाद गुप्तकाशी और फिर ऊखीमठ पहुंचेगी जहां बाबा की उत्सव डोली को मंदिर में विराजमान किया जाएगा। इस मौके पर बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय, सीईओ योगेंद्र सिंह, कार्याधिकारी आरसी तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

धक्कम परेड के सफर में हालत हुई खस्ता

▶ तमाम रेलों और बसों में सवार होने के लिए रही मारामारी
▶ रोडवेज की अतिरिक्त व्यवस्थाएं भीड़ के आगे ध्वस्त
▶ शहर में डग्गामार वाहनों ने दिन भर काटी जमकर चांदी

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। भैया दूज पर अपने भाईयों या बहनों के पास जल्दी पहुंचने की होड़ में आज जहां रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ रही, वहीं रोडवेज बस स्टैंड पर की गई तमाम खास व्यवस्थाएं भी ध्वस्त होकर रह गईं। बड़ी संख्या में लोगों को घंटों तक बस का इंतजार करना पड़ा और बस आई तो उसमें चढने के लिए युद्ध जैसा माहौल नजर आया। ऐसे में अनेक लोग इस युद्ध में भी पराजित हो गए। रोडवेज बस स्टैंड के साथ सभी प्राइवेट बस अड्डों पर भी दिन भर मारामारी का सा आलम रहा। ऐसे में महिलाओं बुजुर्गों और बच्चों के लिए आज का दिन आफत का सफर बनकर रह गया। बड़ी संख्या में लोगों के कार और बाइक आदि निजी वाहनों से सड़कों पर निकलने के कारण सड़कें भी व्यस्त रहीं। संकरे रास्तों पर कई बार जाम के हालात रहे।

भैया दूज के पर्व पर बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। बुधवार से यह सिलसिला शुरू हो गया था। आज तो सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से गंतव्य के लिए निकले। इनमें जहां बड़ी संख्या में भाईयों को बहनों के घर पर पहुंचने की जल्दी थी, वहीं अनेक बहनों को भी भाईयों के यहां पहुंचना था। त्यौहारी सीजन में रेलगाड़ियों में रिजर्वेशन तो पहले से ही फुल था, ऐसे में तमाम एक्सप्रेस गाडियों में आम आदमी की भीड़ को समेटने के लिए दो जनरल डिब्बे ही थे। भारी भीड़ उमड़ने पर इन डिब्बों में पहले से खचाखच भरे होने के कारण चढ़ना भारी मुसीबत का सबब बन गया। ऐसे में जहां अनेक लोगों को टिकट लेने के बाद रेलगाड़ियों में चढ़ने का मौका ही नहीं मिल पाया, वहीं अनेक लोगों ने रिजर्व डिब्बों की शरण ली तो वहां टीटीई ने उनसे जुर्माना वसूला। भैया दूज की भीड़ के चलते रोडवेज ने खास इंतजाम किए थे। भारी भीड़ के आगे यह इंतजाम नाकाफी रहे। सुबह से ही रोडवेज बस स्टैंड पर भारी भीड़ उमड़ने लगी थी। ऐसे में सुबह के समय थोड़ी राहत रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ा तो भीड़ बढ़ती चली गई और इसके साथ ही यात्रियों की मुश्किलें भी बढ़ती चली गईं। दिल्ली-देहरादून और हरियाणा आदि की लंबी दूरी की गाड़ियां तो सिरे से नदारद हो गईं। अन्य डिपो की गाड़ियां बाईपास से होकर निकलने के कारण इन इलाकों में जाने वाले लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। ऐसे में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खास तौर से परेशान रहे।

शेष : पृष्ठ-4 पर

आज से शुरू होगा छठ पर्व

मुजफ्फरनगर। नहाय खाय के साथ छठ पर्व शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। भगवान सूर्य और छठी माता को समर्पित छठ पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व चार दिन तक चलता है। यह पर्व 31 अक्तूबर तक चलेगा। नहाए खाए के दिन महिलाएं घर की साफ-सफाई करती हैं। घर में चने की दाल, लौकी की सब्जी और भात प्रसाद के रूप में बनता है। इस भोजन में सेंधा नमक का प्रयोग किया जाता है।

वीडियो पर भाई बहन को निहार छलके आंसू

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। भैया दूज पर ऐसी बहनों की भी कमी नहीं थी, जिनके भाई विदेश या दूर होने या अन्य व्यस्तताओं के चलते उन तक नहीं पहुंच पाए। ऐसे में तकनीक उनका सहारा बनी और वीडियो कॉलिंग के साथ आंखों में आंसू भरकर उन्होंने भाईयों को याद किया तो भाईयों की आंखें भी छलक आईं। भैयादूज पर हर बहन का सपना होता है कि उसका भाई उसके साथ हो और वह उसके माथे पर तिलक करे। ऐसे में जिन बहनों के भाई विदेश में या उनसे काफी दूर होने या अन्य व्यस्तताओं के चलते उन तक नहीं पहुंच पाए उनके लिए आज खासी मायूसी का दिन था। ऐसे में तकनीक उनका सहारा बनी। वीडियो कॉलिंग के साथ भाईयों को निहार कर उन्होंने नारियल गोले पर तिलक कर दूर से ही भाईयों के दीर्घायु होने और सुख समृद्धि की कामना करते हुए छलकती आंखों से उनको आशीष दी। कुछ ऐसा ही हाल उन भाईयों का था जो अपनी बहनों के पास आज के दिन उपस्थित नहीं हो पाए।

जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर कुतिया आये दिन कर रही वार, आज फिर महिला हुई शिकार

▶ फरियाद लेकर डीएम कार्यालय पहुंची शेरनगर की रुकैया के पैर में दांत गाड़कर कुतिया ने किया लहुलुहान

▶ सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश के बाद भी एम्बुलेंस नहीं आई तो होमगार्ड ने बाइक से महिला को पहुंचाया अस्पताल

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आसरा बनाने वाली एक कुतिया इन दिनों फरियादियों के लिए मुसीबत बन रही है। कोई दिन ऐसा बच रहा है जब यह कुतिया किसी को शिकार नहीं बना रही हो। गुरुवार को अपनी पीड़ा सुनाने आई शेरनगर की रुकैया के पैर में कुतिया ने अपने दांत गाड दिए। लहुलुहान हुई महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट ने एम्बुलेंस बुलाई, लेकिन जब काफी देर तक कोई स्वास्थ्य कर्मी मदद को नहीं पहुंचा तो होमगार्ड ने अपनी मोटरसाइकिल से महिला को अस्पताल पहुंचाया। सिटी मजिस्ट्रेट ने बाद में स्वास्थ्य विभाग से एम्बुलेंस न आने पर कड़ी नाराजगी भी जताई।



जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में दो कुतिया काफी समय से अपना आशियाना बनाये हुए है। यहां काम करने वाले कर्मचारी और दूसरे लोग उन्हें पाल रहे हैं, लेकिन इन दिनों यह दोनों पालतू कुतिया शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों की दुश्मन बनी हुई हैं। बीते एक पखवाड़े में वो कई लोगों को अपना शिकार बना चुकी हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के सामने मीडिया ने यह मुद्दा भी उठाया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश की दलील देकर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया था। गुरुवार को हुए कुतिया के एक और वार ने हड़कम्प मचा दिया। दरअसल शहर से सटे गांव शेरनगर निवासी रुकैया अपने शौहर के उत्पीड़न की शिकायत लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची थी। कार्यालय के बाहर वो खड़ी होकर अधिकारियों के आने का इंतजार कर रही थी। इसी बीच उधर से गुजर रही पालतू कुतिया ने रुकैया के पैर पर अपने दांत गाड दिए। दांत इतने गहरे थे कि रुकैया के पैर का मांस बाहर आ गया और खून की धारा बह चली। पीड़िता दर्द के कारण चिल्लाई तो वहां मौजूद मीडियाकर्मी उसकी मदद को पास पहुंचे। इसी बीच किसी ने सिटी मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को फरियादी महिला पर हुए हमले की शिकायत की। सिटी मजिस्ट्रेट ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तत्काल एम्बुलेंस भेजने को कहा। 33 मिनट बीतने के बाद भी जब एम्बुलेंस नहीं आई तो जिलाधिकारी कार्यालय पर मौजूद एक होमगार्ड ने घायल महिला को अपनी मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल पहुंचाया। यह जानकारी मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बात कर कड़ी नाराजगी जताई। सवाल उठता है कि जिलाधिकारी कार्यालय पर अपनी शिकायत लेकर आने वाले लोग कब तक इस पालतू कुतिया का वार झेलते रहेंगे। बता दें कि शहर के दूसरे हिस्सों में भी आवारा कुत्तों का इसी तरह आतंक है। अभी हाल में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी भी ऐसे ही आवारा कुत्ते का शिकार हुए थे।

आजम को तीन साल की सजा, विधायकी पर लटकी तलवार

रामपुर, 27 अक्टूबर (वार्ता)। सपा विधायक और पूर्व मंत्री आजम खान को गुरुवार को बड़ा झटका लगा। हेट स्पीच (भड़काऊ भाषण) के मामले में उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई है। उन पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने सजा देने के साथ ही आजम को जमानत भी दे दी है। सजा के बाद आजम खान की विधायकी पर भी तलवार लटक गई है। आजम खान को सजा केवल उनके लिए नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी के लिए भी बड़ा झटका माना जा रहा है। आजम खान सपा में अखिलेश यादव के बाद सबसे कद्दावर नेता माने जाते हैं। गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे एमपीएमएलए की विशेष अदालत ने सुनवाई शुरू करने के बाद आजम को दोषी ठहराते ही कस्टडी में ले लिया था। चार बजे के करीब अदालत ने फैसला सुनाया। इस दौरान आजम खां कस्टडी में ही रहे। आजम के खिलाफ तीन धाराओं में केस दर्ज हुआ था। तीनों ही मामलों में उन्हें दोषी माना गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आजम पर भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि भाषण के दौरान आजम खां ने पीएम मोदी और सीएम योगी पर भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। इससे पहले आजम खान ने फैसले की तारीख टालने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए फैसले की तारीख को आगे बढ़ाया जाए। कोर्ट ने उनकी दलील खारिज कर दी थी। भड़काऊ भाषण का यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव का है। आजम खां लोकसभा का चुनाव लड़.रहे थे। तब सपा और बसपा का गठबंधन था। आजम खां चुनाव जीत गए थे। चुनाव प्रचार के दौरान उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हुए थे। इसमें एक मामला मिलक कोतवाली में हुआ था। इसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों और तत्कालीन जिलाधिकारी के लिए अपशब्द कहे। धमकी दी और दंगा भड़काने का प्रयास किया। उनके द्वारा वर्ग विशेष से धर्म के नाम पर वोट की अपील की गई। इन आरोपों के साथ वीडियो अवलोकन टीम के प्रभारी अनिल कुमार चौहान की ओर से आजम खां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

आज इंसाफ का कायल हो गया हूं: आजम खान

रामपुर। अदालत से सजा सुनाने और जमानत मिलने के बाद बाहर आए आजम खान ने अपने चिर परिचित अंदाज में प्रतिक्रिया व्यक्त की। आजम खान ने कहा कि मेरे केस में यह मैक्सिमम सजा थी। बेल मैंडेटरी प्राविजन है। इसलिए बेल मिल गई है। मैं इंसाफ का कायल हो गया हूं। कहा कि अभी यह पहला स्टेप है। आगे कानूनी रास्ते खुले हुए हैं। ऊपरी अदालत में फैसले को चुनौती दी जाएगी।

भाकियू टिकैत ने भरी हुंकार, नगर में निकाली बाइक रैली

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। किसान आंदोलन को लेकर लगातार आंदोलन की राहत पर चल रही भाकियू टिकैत अब एक बार फिर बड़े आंदोलन की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। गुरुवार को इन्हीं तैयारियों के बीच भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में अपने आवास से संगठन कार्यालय तक बाइक रैली निकालकर कार्यकर्ताओं को हर स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये हैं। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने गुरुवार को सरकूलर रोड स्थित अपने किसान भवन आवास से महावीर चौक स्थित संगठन कार्यालय तक कार्यकर्ताओं के साथ बुलेट बाइक रैली निकाली। अपने जोशीले अंदाज और उत्साह के बीच सड़कों पर निकले भाकियू कार्यकर्ताओं ने इस बीच किसानों की आवाज को बुलंद करने के संकल्प के साथ अनुशासन के लिए भी कदम बढ़ाने की बात कही।

नगर की सड़कों पर निकले भाकियू कार्यकर्ताओं ने इस बीच शासन और प्रशासन के साथ अपने विरोधियों को भी आने वाले दिनों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने की ओर संकेत दिया। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाने और उनको उनका अधिकार दिलाने के लिए भाकियू हर आंदोलन को तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी संयम और अनुशासन के साथ रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अनुशासन की इस कड़ी में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने के साथ आंदोलन से सड़कों पर मार्च करते हुए एक बाइक से दूसरी बाइक तथा एक ट्रैक्टर से दूसरे ट्रैक्टर के बीच कितनी दूरी रखनी चाहिए इसका भी ध्यान विशेष रूप रखना होगा। राकेश टिकैत ने युवाओं को आंदोलन की रीढ़ बताते हुए कहा कि अब युवाओं को ट्रैक्टर और ट्विटर के जरिये जागरुक करना होगा। उन्होंने कहा कि अब ट्रैक्टर और बाइक ही नई क्रांति का वाहक होगा। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को यातायात के नियमों को न तोड़ने और किसानों को दिए ड्रेस कोड के साथ नशे से दूर रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि अब किसान या तो -नोट्टा-बोगी पर चलेगा या फिर बुलेट बाइक पर सवार होगा। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा के अलावा राव गुलबहार सहित बड़ी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बहू से घर का काम करवाना क्रूरता नहीं

बॉम्बे हाईकोर्ट में खारिज हुई महिला की अर्जी, नौकरानी बनाकर रखने का लगाया था आरोप

मुंबई, 27 अक्टूबर (वार्ता)। बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने कहा है कि विवाहित महिला को घर का काम करने के लिए कहना क्रूरता नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा है कि इसकी तुलना नौकरानी के काम से भी नहीं की जा सकती है। दरअसल, एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि शादी के बाद एक महीने तक उसके साथ अच्छा व्यवहार किया गया, लेकिन उसके बाद वे उसके साथ नौकरानी जैसा व्यवहार करने लगे।

महिला की अर्जी को खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कहा, अगर एक विवाहित महिला को परिवार के उद्देश्य के लिए निश्चित रूप से घर का काम करने के लिए कहा जाता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसके साथ नौकरानी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। अगर महिला को घर का काम करने की इच्छा नहीं थी, तो उसे शादी से पहले ही बता देना चाहिए था ताकि दुल्हा शादी से पहले फिर से सोच सके और अगर शादी के बाद यह समस्या आती है तो इसे जल्दी ही सुलझा लिया जाना चाहिए था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि महिला ने केवल यह कहा था कि उसे परेशान किया गया था, लेकिन उसने अपनी शिकायत में किसी काम के बारे में जानकारी नहीं दी। केवल मानसिक और शारीरिक रूप से उत्पीड़न शब्दों का उपयोग भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के लिए तब तक पर्याप्त नहीं जब तक इस तरह के कृत्यों का वर्णन नहीं किया जाता है।

घर का काम करने को कहने पर की थी अपील, कहा-नौकर से नहीं कर सकते किसी तरह तुलना

इसी के साथ जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस राजेश पाटिल की खंडपीठ ने 21 अक्टूबर को महिला के आरोपों को लेकर पुलिस थाने में कार्यवाही के तहत दर्ज कराई गई उसके पति और पति के माता-पिता के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द करते हुए राहत प्रदान की गई है। महिला ने अपने पति और अपने सास-ससुर के खिलाफ घरेलू हिंसा और क्रूरता के लिए आरोप लगाते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

नगर निकाय चुनावः वार्डों का आरक्षण शुरू

मेयर और चेयरमैन की सीटों के लिए करना होगा इंतजार
इस बार यूपी में छह चरणों में चुनाव कराने की हुई है तैयारी

लखनऊ, 27 अक्टूबर (एजेंसी)। यूपी सरकार ने निकाय चुनाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। वार्डों के बाद अब सीटों के आरक्षण पर काम चल रहा है। मेयर और चेयरमैन के लिए सीटों का आरक्षण चक्रानुक्रम के आधार पर कराया जाए या नए मानते हुए, यह तय होना बाकी है। माना जा रहा है कि नवंबर के दूसरे हफ्ते से इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

यूपी में निकाय चुनाव नवंबर में प्रस्तावित है, लेकिन लगातार नए निकाय बनाए जाने और सीमा विस्तार के चलते तय समय पर चुनाव नहीं हो पाएगा। नगर विकास विभाग मौजूदा समय दिसंबर में चुनाव कराने के लिए तैयारियों में जुटा है।

इसके लिए वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। यह बात अलग है कि अभी तक सभी नए और सीमा विस्तार वाले निकायों में परिसीमन व रैपिड सर्वे का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। इसके बाद भी जिलों से 4 नवंबर तक वार्डों का आरक्षण करते हुए शासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया है।

नगर विकास विभाग वार्ड आरक्षण रिपोर्ट जिलों से मिलने के बाद सीटों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू कराएगा। सीटों का आरक्षण वर्ष 2011 की जनगणना पर जातीय आधार पर करेगा, लेकिन अभी तक यह नहीं तय हो पाया है कि चक्रानुक्रम के आधार पर इसे अंतिम रूप दिया जाए या नया वार्ड मानते हुए। प्रदेश के अधिकतर निकायों का सीमा विस्तार किया गया है, जिसमें 17 में नौ नगर निगम भी शामिल हैं। इसीलिए यह देखा जा रहा है कि आरक्षण कैसे किया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही उच्च स्तर पर एक बैठक भी प्रस्तावित है। सीटों के आरक्षण के बाद नगर विकास विभाग चुनाव का कार्यक्रम निर्धारित करेगा। मुख्यमंत्री की अनुमति के बाद इसे राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा, फिर अधिसूचना जारी होगी। बताया जा रहा है कि इस बार छह चरणों में चुनाव कराने पर विचार-विमर्श चल रहा है। इस बार यूपी में नगर निगम एक बढ़कर 17 हो गए हैं। नगर पालिका परिषद 200 और नगर पंचायत बढ़कर 546 हो गई है।

मैग स्पोर्ट्स अकादमी ग्राउंड पर क्रिकेट ट्रायल 1 नवम्बर को

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 14 आयु वर्ग में मंगलवार 1 नवंबर को सुबह 9 बजे से ट्रायल अलमासपुर स्तिथ मैग स्पोर्ट्स अकादमी ग्राउंड पर ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मनोज पुंडीर के अनुसार वर्ष 2022-23 के लिए ट्रायल में पहले से पंजीकृत 75 खिलाड़ियों के अतिरिक्त नए खिलाड़ी भी पंजीकरण कराकर भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल के माध्यम से जनपद स्तरीय क्रिकेट टीम के चयन के अलावा प्रदेश की क्रिकेट टीम के चयन हेतु भी खिलाड़ी चुने जायेंगे।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-

रसकट ढैया 1100-1135, चाकू 1250-1415, लड्डू 1350-1390, खुरपापाड़ 1150-1215, शक्कर मसाला 1300-1310, आमद- 8000 मन।

अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना- 52,000 चांदी-59,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,250

पीओके हर हाल में हम लेकर रहेंगेः राजनाथ

रक्षा मंत्री ने दी चेतावनी-पीओके में किसी को भी सताया तो गंभीर परिणाम के लिए तैयार रहे पाकिस्तान

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और राज्य को दो हिस्सों में पुनर्गठित करने के बाद अब मोदी सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे में गए क्षेत्र को लेकर भी सख्त रुख अपनाना शुरू किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पीओके को लेकर कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान मानवाधिकारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाता है, लेकिन वह खुद पीओके में लोगों पर अत्याचार कर रहा है। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान अब पीओके के लोगों का उत्पीड़न करता है तो उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। रक्षा मंत्री ने इन्फैन्ट्री डे प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा, 'इस मौके पर देश के सभी जांबाजों को नमन करता हूं, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को कायम करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान दे दिया।'

राजनाथ सिंह ने कहा कि शौर्य दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हर बाधा को पार करके हम देश को नई ऊंचाइयों को ले जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हर कोई जानता है कि पाकिस्तान कैसे मानवाधिकारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाता है, जबकि पीओके में लोगों का उत्पीड़न कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं कि उसने भारत को जो हिस्सा अवैध रूप से कब्जाया है, वहां रहने वाले लोगों को उसने कितने अधिकार दिए हैं। पाकिस्तान वहां होने वाली अमानवीय घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। आज पाकिस्तान वहां लोगों पर अत्याचार कर रहा है, लेकिन आने वाले वक्त में उसे इसका नुकसान उठाना होगा।' रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे विकास की यात्रा तब पूरी होगी, जब 1947 में भारत आए शरणार्थियों के साथ न्याय होगा। उन्हें जब अपने पूर्वजों की जमीन पर सम्मान के साथ रहने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सेना और लोगों की ताकत से वाकिफ हूं। वह दिन दूर नहीं हैं, जब हम पीओके को वापस लेंगे और अपने सारे मकसद हासिल करेंगे। यही नहीं उन्होंने इस दौरान उन लोगों पर भी अटैक किया, जो आतंकवादियों के मानवाधिकार की बात करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में जब भी सेना या पुलिस कोई ऐक्शन लेती है तो कुछ बुद्धिजीवी कहते हैं कि मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे उस वक्त हैरानी होती है कि जब यही आतंकी सुरक्षा बलों या फिर आम लोगों पर अटैक करते हैं तो ये लोग मानवाधिकार की बात क्यों नहीं करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है, लेकिन कश्मीरियत के नाम पर यहां असंख्य लोगों की जान गई और उनके घरों को भी तबाह कर दिया गया था। राजनाथ सिंह ने इस मौके पर 1993 में संसद में पारित प्रस्ताव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारी संसद ने गिलगित-बाल्टिस्तान समेत पूरे पीओके को वापस लेने का संकल्प लिया था और उसे पूरा किए बिना विकास की हमारी यात्रा पूरी नहीं होगी।

गोविंदा को गोविंदा बनाने वाले इस्माइल श्रॉफ का निधन

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (एजेंसी)। जाने मानें फिल्ममेकर इस्माइल श्रॉफ का 62 साल की उम्र में बुधवार देर रात निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में अंतिम सांस ली। जानकारी के मुताबिक लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। फिल्ममेकर के निधन पर बॉलीवुड गमगीन है। कई एक्टर्स ने उनके निधन पर दुख जाहिर किया है। बता दें फिल्ममेकर इस्माइल श्रॉफ ने अपने फिल्मी करियर में बुलंदी, थोड़ी सी बेवफाई, सुर्या और आहिस्ता-आहिस्ता जैसी हिट फिल्में दी।

गोविंदा को इंडस्ट्री में ब्रेक देने वाले इस्माइल श्रॉफ ही थे। गोविंदा की डेब्यू फिल्म लव 86 को इस्माइल श्रॉफ ने ही डायरेक्ट किया था। फिल्ममेकर के निधन से आहत गोविंदा ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं, मेरा करियर उनकी फिल्म से ही शुरू हुआ। ऊपरवाला उन्हें जन्नत नसीब करे (भगवान करे उन्हें स्वर्ग मिले)। उनकी आत्मा को शांति मिले, उन्होंने ना सिर्फ मुझे काम दिया बल्कि मुझ पर भरोसा भी किया। वह मेरी जिंदगी के पहले शख्स थे जिन्होंने कहा कि गोविंदा सिनेमा को समझते हैं। मुझे गोविंदा से गोविंदा बनाने में उनका अहम रोल रहा।

यूपी पुलिसः साढ़े 600 करोड़ खर्च से हाईटेक होंगे जवान

मुख्यमंत्री योगी ने खोला सरकारी खजाना

लखनऊ, 27 अक्टूबर (वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस को देश का नंबर एक पुलिस फोर्स बनाने के लिए बड़े फैसले लेकर खजाना खोल दिया है। गृह विभाग की तरफ से साढ़े छह सौ करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर यूपी पुलिस को हाईटेक किया जा रहा है। जल्द ही यूपी पुलिस बॉडी वार्न कैमरा और फुल बॉडी प्रोटेक्टर से लैस होगी। साथ ही प्रदेश के 10 जिलों में हाईटेक सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल और लॉ एंड आर्डर क्यूआरटी टीम स्थापित की जाएगी। क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप की मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरूआत हो चुकी है। जल्द अन्य जिलों में भी शुरूआत होगी।

गृह विभाग ने पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत 1200 बॉडी वार्न कैमरा खरीदने के लिए 4.8 करोड़ और 1650 फुल बॉडी प्रोटेक्टर फार वीमेन की खरीद के लिए 2.48 करोड़, 30,000 पोस्टमार्टम किट खरीदने के लिए छह करोड़ की स्वीकृति दी है। 10 जिलों में करीब 641 करोड़ रुपए खर्च कर उच्चीकृत सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल की स्थापना होने वाली है और 10 अन्य जिलों में हाइटेक लॉ एंड आर्डर के लिए क्यूआरटी की स्थापना की जा रही है। इसके अलावा 6.75 करोड़ की लागत से एसआईटी, ईओडब्ल्यू, सीबी सीआईडी और एसीओ जांच और विवेचना के लिए एक डेडिकेटेड एफएसएल की स्थापना की जाएगी। कन्नौज में डेडिकेटेट मिनी टेक्निकल लैब विकसित किया जा रहा है। एनसीआरबी की ओर से विकसित क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप को पहले फेज में मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरू किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में इसे लागू करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है और तकनीकी सेवा मुख्यालय पर पूरी प्रक्रिया के लिए तकनीकी समिति गठित की गई है। कन्नौज, अलीगढ़, गोंडा और बरेली में फोरेंसिक लैब संचालित की जा चुकी है। अन्य 66 जिलों में अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना हुई है। शेष जिलों में शीघ्र डेडीकेटेड अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना की जा रही है। प्रदेश के सभी 1531 थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना हो चुकी है और नियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण हो चुका है। 18 परिक्षेत्रीय साइबर थानों के प्रशासनिक भवन निर्माण सम्बन्धी कार्यवाही हो रही है। सात परिक्षेत्रीय साइबर थानों वाराणसी, झांसी, बस्ती, अलीगढ़ आजमगढ़, गोरखपुर और बांदा के लिए कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

मुजफ्फरनगर में विकसित क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप की शुरूआत

आपका आज का राशिफल

शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022

मेष-ग्रहस्थिति प्रतिकूल, कार्यो के प्रति उदासीनता, गुप्त चिंताओं से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव, आर्थिक लेन-देन में जोखिम से हानि, बात-बात पर क्रोध की आशंका।

वृषभ-कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु प्रयास सार्थक, धार्मिक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि जागृत।

मिथुन-नूतन-पुरातन मित्रों से योजना की शुरूआत हेतु विचार विमर्श, विनियोजित धन का प्रतिफल, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित। यात्रा सफल।

कर्क-स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य लाभप्रद, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, मान-प्रतिष्ठद्दा में वृद्धि।

सिंह-व्यापार में निराशा, दाम्पत्य जीवन में किसी बात को लेकर आपसी तनाव, आय में कमी, एकाग्रता का अभाव, सामाजिक पक्ष से कष्टद्दृ, यात्रा में परेशानी।

कन्या-वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास सफलता की ओर, अभीष्टद्दृ कार्य में संतोषजनक सफलता, मेल-मिलाप की ओर रुझान, शारीरिक सुख।

तुला-कार्य-व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरूआत, पुराने विवाद के समापन होने से खुशी, मनोरथ की सिद्धि, मनोविनोद के अवसर सुलभ।

वृश्चिक-ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, पराक्रम से कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, रचनात्मक क्रिया-कलापों की ओर अभिरुचि, परोपकार की ओर प्रवृत्ति।

धनु-ग्रहस्थिति विपरीत, पारिवारिक समस्याओं के चलते निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित, वाद-विवाद से तनाव, व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय।

मकर-कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, धन संचय। यात्रा सफल।

कुम्भ-नवकार्यो की ओर रुझान, वाकद्दपटुता से संकल्पसिद्धि, निराशा का समापन, व्यक्तित्व का विकास, मनोरंजन में रुचि, दूर या समीप के यात्रा का कार्यक्रम।

मीन-अभीष्ट कार्यो में संतोषजनक सफलता, धर्म-अध्यात्म में आस्था, घरेलू समस्या का निवारण संभव, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, नवसम्पर्क उपयोगी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

फरियादी से की बीयर की डिमांड, 'टल्ली' सिपाही वीडियो में कैद

बस्ती, 27 अक्टूबर (वार्ता)। जिले के गौर थाना क्षेत्र के बभनान चौकी पर तैनात दो सिपाहियों का बीयर पीते हुए वीडियो वायरल हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने वीडियो में नजर आ रहे दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जांच सीओ हरैयां शेषमणि उपाध्याय को सौंप दी है। हालांकि इस मामले में अधिकारियों की ओर से इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है। प्राप्त समाचार के अनुसार गौर थाना क्षेत्र के बभनान चौकी पर तैनात दीवान चन्द्र शेखर यादव व सिपाही श्रीकांत यादव का बीयर पीते वीडियो सोशल मीडिया पर बुधवार की देर रात वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि एक व्यक्ति ने अपनी बहन के साथ बदसलूकी की शिकायत बभनान पुलिस से की थी, जिस पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि शिकायतकर्ता से ही बीयर की डिमांड कर बैठे। डिमांड के अनुसार बीयर आने के बाद पुलिस कर्मचारी एक दुकान पर बैठकर वर्दी में बीयर पीने लगे जिसका किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

अब श्रमिकों को 5 लाख का मुफ्त इलाज

लखनऊ, 27 अक्टूबर (वार्ता)। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को सरकारी और निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है। इस योजना का उद्देश्य सभी श्रमिकों को वित्तीय स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है जिससे असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग पैसों के अभाव में स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित ना रहें।

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना 2022 खास तौर पर उन लोगों के लिए शुरू की गई है जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर पाते है। इस योजना के लाभार्थी 5 लाख रूपए तक की स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस योजना का लाभ प्रदेश के करीब लगभग 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य है।

इस योजना से राज्य के सभी मध्य वर्गीय एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। राज्य के लगभग 10 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वाथ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। एक साल के दौरान लाभार्थी परिवार 5 लाख रूपए का स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत कवर किया जायेगा। सभी लाभार्थी परिवार स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सरकारी एवं पैनल में शामिल निजी अस्पतालों में ले सकते हैं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से लाभार्थियों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य के 40 लाख अंत्योदय राशन कार्ड वाले परिवारों को स्वास्थ्य बीमा हेतु योजना में शामिल किया जायेगा। योजना के लिए 102 करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित सभी लाभार्थी परिवारों को योजना के तहत लाभ प्रदान किया जायेगा।

छठ पर पूर्वांचल जाने वालों को बड़ी राहत, 2563 अतिरिक्त बसें चलाएगा यूपी रोडवेज

लखनऊ, 27 अक्टूबर (वार्ता)। यूपी परिवहन निगम ने दिल्ली व पश्चिमी यूपी रीजन में रहने वाले पूर्वांचल के लोगों को छठ पर्व पर अपने घर जाने के लिए यात्रा के बेहतर साधन और सुलभ व्यवस्था प्रदान करने के लिए 2563 अतिरिक्त बसें चलाने का फैसला किया है। यह जानकारी परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पश्चिमी यूपी (आगरा, मेरठ, सहारनपुर, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर व दिल्ली) से गोरखपुर, बलिया, वाराणसी व प्रयागराज के लिए बस सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। लखनऊ व कानपुर से भी पूर्वांचल के लिए अधिक से अधिक परिवहन सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

छठ पर्व के बाद वापसी के लिए दिल्ली तक के लिए सेवाएं बलिया, आजमगढ़, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया व बस्ती से उपलब्ध रहेंगी। छठ को देखते हुए ही निगम ने अपनी प्रोत्साहन योजना 22 से 31 अक्टूबर जारी रखी है। एमडी ने कहा कि परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने त्योहारों के दौरान यात्रियों को परिवहन संबंधी कठिनाई नहीं आने देने का निर्देश दिया है।

पुतिन पर परमाणु युद्ध से बचने का दबाव, रूस जा रहे विदेश मंत्री जयशंकर

मास्को, 27 अक्टूबर (वार्ता)। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन पर परमाणु युद्ध से बचने का दबाव और तेज होगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। दोनों देशों के मंत्री 8 नवंबर को मास्को में प्रस्तावित कार्यक्रम के बीच वार्ता करेंगे, वे द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति व अंतर्राष्ट्रीय एजेंडे पर चर्चा करेंगे। जयशंकर की यात्रा पर विदेश मंत्रालय की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है।

पीएम मोदी ने सुनक को फोन कर दी बधाई

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर बात कर बधाई दी। इस दौरान मोदी ने भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय रिश्तों और व्यापार समझौते को लेकर चर्चा की। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, आज ऋषि सुनक से बात करके खुशी हुई। ब्रिटेन के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने पर उन्हें बधाई दी। हम अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। हम एक व्यापक और संतुलित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के शीघ्र निष्कर्ष के महत्व पर भी सहमत हुए। वहीं सुनक ने भी अपने ट्वीट में कहा, मैंने प्रधानमंत्री मोदी को मेरी नई भूमिका पर कहे गए शब्दों के लिए धन्यवाद दिया। ब्रिटेन और भारत में बहुत कुछ है। मैं इस बात को लेकर उत्साहित हूं कि हमारे दो महान लोकतंत्र आने वाले महीनों और वर्षों में अपनी सुरक्षा, रक्षा और आर्थिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

सपा के पूर्व विधायक दीप नारायण समेत 19 पर गैंगस्टर

झांसी, 27 अक्टूबर (वार्ता)। कन्नौज जेल में बंद कुख्यात अपराधी लेखराज यादव को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने की कोशिश में सपा के पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव समेत 19 लोगों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। लेखराज यादव प्रकरण में पुलिस ने कन्नौज के गुरसरायगंज, जालौन के एट, झांसी व मोंठ थानों में मामले दर्ज कराए हैं।

बीते 16 सितम्बर को एससी/एसटी के एक मामले में पेशी पर कन्नौज से झांसी लाए गए लेखराज यादव को पेशी के बाद लौटते समय पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने की कोशिश की गई थी। इस मामले में मोंठ व नवाबाद थाना पुलिस ने गरौठा के पूर्व सपा विधायक दीपनारायण सिंह यादव पर मामला दर्ज कर 26 सितम्बर को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व पुलिस इस प्रकरण में 17 लोगों की गिरफ्तारी कर चुकी थी। अब नवाबाद पुलिस ने गैंग बनाकर कुख्यात को छुड़ाने के प्रयास में दीपनारायण सिंह यादव, कुख्यात लेखराज यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीरा राय के पति विष्णु राय, उल्दन के सतपुरा निवासी अमित यादव, रानीपुर के वहीद खान, टिकरी के बृजेन्द्र सिंह, जवाहरलाल, कोलवा खुर्द के सुरेन्द्र कुमार, टीकमगढ़ के हरकरनपुरा निवासी अंकित, बसारी के भगवानदास राय, टीकमगढ़ के बनपुरा निवासी रंजीत राय व दीनदयाल कुशवाहा, अखाड़ापुरा के अनिल यादव उर्फ मामा, मुकेश कुमार और बृजेन्द्र कुमार यादव, मातनपुरा के धीरेंद्र पाल और मलखान शिवहरे पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।

सावधानः कैंसर फैला रहे डव और ट्रेसेमे

यूनिलीवर ने वापस लिए अपने डव साबुन, टिगी और ट्रेसेमे शैम्पू सहित कई नामचीन प्रोडक्ट

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता)। दुनिया की दिग्गज एफएमसीजी कंपनी यूनिलीवर ने डव और ट्रेसेमे समेत अपने कई ड्राई शैम्पू वापस ले लिए हैं। कंपनी ने इन शैम्पूज में कैंसर कारक केमिकल बेंजेन होने की बात सामने आई थी। इसके बाद ही कंपनी ने यह बड़ा फैसला लिया था।

फूड ऐंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के मुताबिक कंपनी ने जिन ब्रांड्स को वापस लिया है, उनमें ट्रेसेमे और टिगी भी शामिल हैं। ये शैम्पू सिर में ज्यादा डैंड्रफ होने पर इस्तेमाल किए जाते रहे हैं। कंपनी ने उन शैम्पूज को वापस लेने का फैसला लिया है, जिनकी मैन्युफैक्चरिंग अक्टूबर 2021 से पहले की गई थी। कंपनी के इस कदम ने एक बार फिर से एरोसोल पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स पर सवाल खड़ा कर दिया है। एरोसोल पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स उन उत्पादों को कहा जाता है, जिन्हें लिक्विड पदार्थ के तौर पर प्लास्टिक के डिब्बों में भरा जाता है। करीब डेढ़ साल के अंदर कई ब्रांड्स ने अपने पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स को सेफ्टी के चलते वापस लिया गया है। जॉनसन ऐंड जॉनसन ने न्यूट्रोजेना को वापस ले लिया था। इसके अलावा एजवेल पर्सनल केयर ने बनाना बोट को वापस ले लिया था। इसके अलावा भी कई कंपनियां अपने उत्पादों को वापस ले चुकी हैं।

दरअसल बीते साल मई में हुई एक रिसर्च के तहत दावा किया गया था कि इन उत्पादों में कैंसर कारक केमिकल बेंजेन पाया गया था। उसके बाद ही यह फैसला लिया गया है। यह पहला मौका नहीं है, जब स्प्रे वाले ड्राई शैम्पूज में समस्या पाई गई है। ढ&ऋकी ओर से भी पैंटीन और हर्बल शैम्पूज को वापस लिया जा चुका है। यूनिलीवर का कहना है कि इसी वजह से ड्राई शैम्पू को वापस लिया जा रहा है। कंपनी ने यह नहीं बताया है कि उनके उत्पादों में कैंसर कारक केमिकल बेंजेन कितना पाया गया है, लेकिन उसे खतरा मानते हुए उत्पादों को वापस लेने की बात जरूर कही है।

यादव-मुसलमानों का वोट कहां डिलीट ह

1973-2022

सम्पादक की कलम से

आजम खान को फिर सजा

सपा नेता आजम खान को हेट स्पीच मामले में रामपुर की एमपी-एमएलए अदालत ने कल गुरूवार को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आजम खान को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सजा के ऐलान के साथ ही उन्हें कोर्ट कस्टडी में ले लिया गया था, बाद में उन्हें जमानत मिली और वे कोर्ट से बाहर आ गए। ऐसे में अब आजम खान की विधानसभा की सदस्यता जा सकती है। वहीं अपनी सदस्यता को लेकर आजम खान सात दिन के भीतर बड़ी अदालत में अपील कर सकते हैं। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनावों से जुड़ा है। उस दौरान आजम खान ने चुनावी भाषण के दौरान भड़काऊ बयानबाजी की थी। साल 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के खिलाफ हेट स्पीच का एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पहले 21 अक्टूबर ही को फैसले की तारीख कोर्ट ने तय की थी, लेकिन, आजम खान की तरफ से लिखित बयान देने के लिए समय की मांग की गई थी। उसके बाद अदालत ने फैसले की तारीख 27 अक्टूबर तय की थी। कोर्ट के द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद नेता आजम खान ने कहा, मैं इंसाफ का कायल हूं। यह पहला स्टेप है। अभी अन्य कानूनी रास्ते खुले हैं। मेरा सारा जीवन संघर्ष का है। हम संघर्ष करते रहेंगे, भले हम जिन्दगी हार जाएं। उन्होंने कहा कि अदालत का आदेश है। सभी को मानना चाहिए। आजम खान के खिलाफ हेट स्पीच की शिकायत चुनाव आयोग से आकाश सक्सेना ने ही की थी। आकाश सक्सेना इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में रामपुर से आजम खान के खिलाफ भाजपा के टिकट चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने कहा था कि यदि हेट स्पीच के केस में आजम खान को दोषी करार दिया जाता है और सजा सुनाई जाती है, तो यह देश में एक नजीर बनेगी। साथ ही चुनाव के दौरान नेता लोग भड़काऊ बयान देने से बचेंगे। रामपुर के मिलक थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, आजम खान ने अपने भाषण में कहा था कि मोदी जी आपने हिंदुस्तान में ऐसा माहौल बना दिया कि मुसलमानों का जीना दूभर हो गया। अपने भड़काऊ भाषण में आजम खान ने केवल पीएम मोदी पर ही नहीं, बल्कि रामपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी पर भी अमर्यादित टिप्पणी की थी। उस वक्त आंजनेय कुमार रामपुर के जिलाधिकारी थे। आजम खान कई मामलों में 27 महीने जेल में रहे, उन्हें इसी साल 20 मई को जमानत मिली थी। इससे पहले आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधायकी जा चुकी है। मामला आजम के बेटे अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाणपत्र से संबंधित था। साल 2017 में उनकी उम्र चुनाव लड़ने के लिए कम थी। आरोप है कि तब उन्होंने अपना फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाया था। तब अब्दुल्ला रामपुर की स्वार विधानसभा सीट से विधायक थे। 2 साल से ज्यादा सजा होने पर रद्द हो जाती है विधायकी। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2013 में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट के मुताबिक, अगर सांसदों और विधायकों को किसी भी मामले में 2 साल से ज्यादा की सजा हुई है, तो उनकी सदस्यता संसद और विधानसभा से रद्द हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) निरस्त कर दिया है। इस आदेश के साथ विधानसभा अध्यक्ष सदस्यता रद्द करने का आदेश पारित करेंगे।आजम खान पर भाजपा सरकार के पिछले कार्यकाल में करीब 80 मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें किसानों की जमीन जबरदस्ती हथियाने से लेकर किताबें चुराने, मारपीट करने, बकरी और भैंस चुराने तक के मुकदमे दर्ज किए गए थे। ज्यादातर मामलों में उनको जमानत मिल चुकी है। उनके ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर यूनिवर्सिटी पर भी सवाल उठ रहे थे। आरोप है कि जौहर यूनिवर्सिटी बनाने के लिए आजम ने अपने रसूख का गलत इस्तेमाल किया है। आजम खान रामपुर विधानसभा सीट से 10 बार विधायक रह चुके हैं। आजम खान के वकील विनोद शर्मा ने कहा था, 'हमने अपनी पूरी बहस कर ली है। जितने भी भाषण हैं, यह हमारे भाषण नहीं है। यह सब फर्जी तरीके से बनाए गए हैं। अभियोजन पक्ष अपना केस अदालत में साबित नहीं कर पाया है। अभियोजन और हमने अपनी बहस पूरी कर ली है। हमने जो पॉइंट्स उठाए थे, वह उसका स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। ऐसी कोई हेट स्पीच हमने नहीं दी है और हमारे खिलाफ फर्जी मुकदमा तैयार किया गया है। लेकिन सजा के ऐलान से यह साफ हो गया है कि यह फर्जी मुकदमा नहीं था। आजम खान के लिए ये फैसला एक सियासी झटका तो है ही, इसके अलावा उनके चुनाव लड़ने पर भी ब्रेक लगने वाला है। असल में सन 2002 में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किए गए संशोधन के मुताबिक सजा की अवधि पूरी होने के बाद छह साल तक चुनाव लड़ने की पाबंदी रहती है। पहले ये पाबंदी फैसला सुनाने के दिन से ही लागू होती थी, लेकिन उसमें तकनीकी खामियां दिखीं। इसके बाद संसद ने इसमें संशोधन किया। इसके मुताबिक सजा प्राप्त व्यक्ति अपनी सजा पूरी करने के बाद भी छह साल तक चुनाव नही लड़ सकेगा। वहीं जन प्रतिनिधित्व कानून के मुताबिक दो साल या इससे अधिक की सजा सुनाए जाने के बाद जन प्रतिनिधि को सदस्यता के अयोग्य घोषित किया जाता है। इसी वजह से आजम खान की विधायकी पर तलवार लटक रही है। दूसरी तरफ अखिलेश यादव अपने एक बयान को लेकर फंस गए हैं। चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए दिए गए बयान पर उन्हें नोटिस जारी हो गई है। चुनाव आयोग ने अखिलेश से अपने बयान को लेकर सबूत मांगे हैं। अखिलेश को 10 नवंबर तक चुनाव आयोग को इस मामले में जवाब देना है। अखिलेश ने आयोग पर निशाना साधते हुए सपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान कहा था कि भाजपा के इशारे पर यूपी में हर विधानसभा क्षेत्र से 20-20 हजार यादव और मुस्लिमों का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया था। अखिलेश ने इसे ही सपा की हार का बड़ा कारण भी बताया था।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"तनाव" "ध्यान" "जिन्दगी" "आदमी"

गम-खुशी के साथ मिलता है यहाँ पूरा तनाव,
ध्यान के बिन हो रही है उलझी-उलझी जिन्दगी।
हर घड़ी उसकी यहाँ सीने-तुरपने में गयी,
आदमी के हाथ आई उधड़ी-उधड़ी जिन्दगी।

व्यापार मंडल चरथावल द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ

चरथावल, 27 अक्टूबर (बु.)। दीपावली के शुभ अवसर पर व्यापार मंडल चरथावल द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर नगर व क्षेत्र के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सोमवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग के प्रतिष्ठान पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर व क्षेत्र के पत्रकारों को संरक्षक जनेश्वरदास सिंघल व अध्यक्ष अनुज गर्ग ने मिष्ठान व आकर्षक पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनुज गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल चरथावल आज तक जिस तरह व्यापारियों के हितों व अधिकारों की लड़ाई लड़ता आया है। उसी तरह क्षेत्र के सभी पत्रकारों के मान सम्मान व उनके हितों की रक्षा के लिए भी व्यापार मंडल पूरी तरह कृतसंकल्प है। इस अवसर पर संरक्षक जनेश्वरदास दास सिंघल व अध्यक्ष अनुज गर्ग ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक व प्रेस कॉउंसिल सदस्य अंकुर दुआ द्वारा दीपावली के अवसर पर जनपदवासियों से ऑनलाइन खरीदारी के बहिष्कार हेतू चलाई जा रही मुहिम का दिल खोल कर स्वागत करते हुए कहा कि वास्तव में बुलेटिन परिवार व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ही व्यापारी बन्धुओं व समाज की भलाई हेतू दिन रात अथक प्रयास करते आये हैं, जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी तथा इसके लिए अंकुर दुआ व बुलेटिन परिवार को चरथावल नगर का समस्त व्यापारी समाज दिल से सेल्यूट करता है। सम्मानित किए गए पत्रकारों में शक्तिदेव त्यागी, रिंकल देव सिंघल, गौरव सिंघल, हाजी मुस्तकीम,राजेश शर्मा व जावेद नंगला राई आदि रहे। इस अवसर पर संरक्षक नन्द किशोर त्यागी,योगीराज प्रेमी,अमित कंसल, मनीष मित्तल, अजय ऐरन, भीमसेन व सौरभ कुमार आदि दर्जनों व्यापारियों द्वारा जलपान की सुन्दर व्यवस्था की गई थी। बता दें कि बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा दीपावली के अवसर पर चलाई जा रही ऑनलाइन खरीदारी के विरुद्ध मुहिम से चरथावल का व्यापार मंडल खूब गदगद नजर आ रहा है तथा इसी मुहिम से प्रेरणा लेकर ही पिछले कई दिनों से व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गर्ग भी अपने सैकड़ों व्यापारी बन्धुओं परिचितों व वरिष्ठ नागरिकों से व्हाट्सएप ग्रुप के जरिये ऑनलाइन खरीदारी के बहिष्कार व त्यौहारों सहित रोजमर्रा की खरीदारी अपने अपने क्षेत्र के व्यापारियों से ही करने की पुरजोर अपील कर रहें हैं, जिसका दीपावली के अवसर पर नगर के बाजारों में उमड़ी बेतहाशा भीड़ के रूप में गहरा असर भी देखने को मिला तथा चरथावलवासियों ने भी बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ व व्यापार मंडल चरथावल की इस मुहिम की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

शहर से हाईवे तक दिनभर दौड़े वाहन, लोगों का बुरा हाल

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। त्यौहारी सीजन के बीच दीपों के पंचपर्व के अन्तिम दिन भैयादूज पर नगर की सड़कों से हाईवे तक हर वाहनों की भागम-भाग में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित किये रखा। ऐसे हालातों में जहां नगर के मुख्य चैराहों व संकरे मार्गो पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। वहीं दूसरी ओर मुख्य सड़कों से गली-मौहल्लों तक चुपहिया वाहनों की लगी कतारों ने हर किसी को बेहाल किये रखा। ऐसे हालातों में कई वाहन चालकों को घंटों तक वाहनों को मुख्य सड़कों पर वापस लाने के लिए कड़ी मुशक्कत करनी पड़ी। वहीं दूसरी ओर हाईवे पर भी दिन भर एक दूजे से आगे निकलने की जद्दोंजहाद के बीच वाहनों को एक दूसरे से उलझना पड़ा। कई स्थानों पर तो इसके चलते गाली-गलौच व मारपीट तक देखने को मिली। दीपों के पंचपर्व के अन्तिम दिन भैयादूज पर देशभर के साथ जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान घर से अपनी बहनों से तिलक कराने को निजी वाहनों से निकले भाईयों को मुख्य मार्गो से शहर की सड़कों और सम्पर्क मार्गो तक जाम के झाम से जूझना पड़ा। ऐसे हालातों में जहां नगरीय क्षेत्र के मुख्य चैराहों में शुमार अस्पताल तिराहा, नावल्टी चैक, मीनाक्षी चैक, बकरा मार्किट, शामली रोड़ के साथ जानसठ व भोपा रोड़ पर जाम में लोगों को परेशान होता देखा गया। वहीं दूसरी ओर नगर के हृदय स्थल शिवचौक मुख्य बाजारों में दुपहिया व चुपहिया वाहनों की कतारों से लोगों को परेशान होते देखा गया। नगर मुख्यालय के अलावा जहां तक हाईवे और अन्य सम्पर्क मार्गो की बात की जाए तो वहां पर बड़ी सड़कों पर दिन भर वाहन इधर से उधर दौड़ते रहे। इस कड़ी में एक दूसरे से आगे निकलने की जल्दी में कई लोगों के बीच तकरार हुई।

हाईवे और नगरीय क्षेत्र के मुख्य बाजारों के साथ गली-मौहल्लों में भी दिन भी दुपहिया और चुपहिया वाहनों के बेतरतीब खड़े होने के कारण वाहन चालकों और अन्य पड़ोसियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

हालांकि नगरीय क्षेत्र में मुख्य चैराहों पर यातायात पुलिस के जवानों की मुसतैदी के चलते यहां अधिक देर इन्तजार नहीं करना पड़ा, लेकिन अस्पताल तिराहा, नावल्टी चौक और शामली रोड़ पर इस बीच बड़ी संख्या में वाहनों के फंसने की कई बार खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रही।

लखनऊ से दिल्ली तक का ट्रेन सफर तीन गुना महंगा

-बुकिंग के साथ बढ़ रहा किराया

लखनऊ, 27 अक्टूबर (वार्ता)। दिवाली पर लखनऊ से दिल्ली की ट्रेन का सफर तीन गुना महंगा हो गया । बुधवार को तेजस, शताब्दी और राजधानी से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को तीन गुना किराया देकर सफर करना पड़ा। आम तौर पर इन ट्रेनों में 800 से 11 सौ तक किराया होता है। पर रेलवे ने अपनी कुछ ट्रेनों में फ्लेक्सी किराया लागू किया है। जिसकी वजह से यात्रियों को 2500 तक किराया देना पड़ा। फ्लेक्सी के तहत जैसे-जैसे सीटों की बुकिंग होती है वैसे-वैसे किराया महंगा होता जाता है। इस व्यवस्था से आम लोगों को अतिरिक्त भार पड़ता है।

दिवाली बाद की वापसी के लिए सीटों की मारमारी शुरू दिवाली बाद दिल्ली और मुंबई लौटने वालों के लिए कंफर्म सीटों की मारामारी शुरू हो गई। मुंबई की ट्रेनों में वेटिंग का आंकड़ा 144 तक पहुंच गया है, जबकि दिल्ली की ट्रेनों में यह 125 तक पहुंच गई है।

वहीं विमानों का किराया भी महंगा हो रहा है, जिससे यात्रियों के लिए सफर का संकट खड़ा हो गया है। यात्रियों की परेशानी बढ़ी पुष्पक एक्सप्रेस, गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, शताब्दी चेयरकार,अयोध्या दिल्ली एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई।

दिल्ली और मुंबई की रूटीन ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। ऐसे में गुरुवार को भैया दूज का पर्व होने के बाद शुक्रवार को तत्काल कोटो में सीटों की मारामारी तय है। लखनऊ से दिल्ली व मुंबई की ट्रेनों में 3800 तत्काल की सीटें हैं। तत्काल कोटे में कंफर्म टिकट हासिल करने के लिए यात्रियों को मशक्कत करनी पड़ेगी।

ज्ञानवापी परिसर हिन्दुओं को सौंपने और अर्जी की मेरिट पर कोर्ट का आदेश टला

वाराणसी, 27 अक्टूबर (वार्ता)। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को हिन्दुओं को सौंपने और केस की मेरिट पर गुरुवार को आदेश नहीं आ सका। सिविल जज (सीनियर डिविजन) फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडे की अदालत अगल सुनवाई के लिए 8 नवंबर की तिथि तय कर दी है। गौरतलब है कि विश्व वैदिक सनातन संघ की कार्यकारी अध्यक्ष किरण सिंह की ओर से अदालत में अर्जी देकर ज्ञानवापी परिसर को सौंपने, सर्वे के दौरान मिली शिवलिंग की आकृति की तत्काल पूजा करने की अनुमति देने व परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। प्रतिवादी अंजुमन इंतजा मियां मसाजिद की ओर से आदेश 7 रूल 11 के तहत आवेदन देकर केस की मेरिट पर सवाल उठाया गया है। मुस्लिम पक्ष ने पिछली सुनवाई में अदालत में यह बात रखी थी कि ज्ञानवापी परिसर की संपत्ति वक्फ की है। अधिवक्ता मुमताज अहमद, तौहीद खान, रईस अहमद, मिराजुद्दीन खान और एखलाक खान ने कोर्ट में यह भी सवाल उठाया है कि जब देवता की तरफ से मुकदमा किया गया। तब वादी पक्ष की तरफ से पक्षकार 4 और 5 विकास शाह और विद्याचन्द्र कैसे वाद दाखिल कर सकते हैं।

सांप ने डंसा तो उसे पकड़कर डिब्बे में बंद किया

बहराइच, 27 अक्टूबर (वार्ता)। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर के 31 वर्षीय अजय मौर्या पुत्र कंधाई लाल मौर्य मवेशी पालन का काम करते हैं। मंगलवार की रात को अजय मवेशियों के लिए चारा काट रहे थे। तभी छिपे बैठे करैत सांप ने उसे काट लिया। शोर मचाने पर परिवार के लोग पहुंचे। सांप को पकड़ लिया। उसे प्लास्टिक के डिब्बे में बंद कर पीड़ित के संग परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों को डिब्बे में बंद सांप दिखाया करैत को देखकर चिकित्सकों के भी होश उड़ गए। चिकित्सकों ने बताया कि सांप काटने की पुष्टि होने से समय से जरूरी दवाएं दी जा सकीं जिससे युवक की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है।

टोल के पास बेकाबू होकर खंभे से टकराई कार, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

प्रयागराज, 27 अक्टूबर (वार्ता)। हंडिया टोल प्लाजा के पास गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। ये लोग शिवगढ़ सोरावं से विंध्याचल दर्शन के लिए जा रहे थे। मरने वालों में चार महिलाएं और एक बच्ची शामिल है। सीएम योगी ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों से कहा है कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों के समुचित इलाज का इंतजाम करें। मिली जानकारी के अनुसार शिवगढ़ सोरांव के रहने वाले उमेश अपने परिवार के साथ किराए की टवेरा कार से विंध्याचल दर्शन के लिए जा रहे थे। गुरुवार सुबह 6:40 बजे कार जैसे ही हंडिया टोल प्लाजा के पास पहुंची अचानक बेकाबू हो गई। ड्राइवर कार को सम्भाल नहीं पाया और कार बिजली के खंभे से टकरा गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय कार की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर के बाद कार पलट गई। एक्सीडेंट के बाद मौके पर मची चीख-पुकार सुन आसपास मौजूद लोग भागे-भागे वहां पहुंचे। तब तक कार में सवार रहे पांच लोगों की मौत हो चुकी थी। उनके शवों को बाहर निकाला गया। मरने वालों में चार महिलाएं और एक बच्ची शामिल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

दो दूल्हों की बारात में 10 रुपये के रसगुल्ले ने कराया बवाल, चाकूबाजी, बारातियों को बेरहमी से पीटा

आगरा, 27 अक्टूबर (वार्ता)। एत्मादपुर के विनायक भवन मैरिज होम में बुधवार रात निकाह से पहले रसगुल्ले ने बवाल करा दिया। विवाद के बाद चाकूबाजी में दूल्हे के भतीजे की मौत हो गई और तीन बाराती जख्मी हो गए। अफरातफरी और मारपीट के बाद निकाह रुक गया और बारात बैरंग लौट गई। दुल्हन पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। एत्मादपुर के मोहल्ला शेखान निवासी उस्मान कुरैशी की दो बेटियों जैनब और साजिया फातिमा का बुधवार को निकाह था। खंदौली के मोहल्ला व्यापारी से बाकर कुरैशी के बेटे जावेद व राशिद बारात लेकर पहुंचे थे। विनायक भवन पर बरात का स्वागत हुआ। निकाह की रस्में शुरू होने से पहले दावत चल रही थी। आरोप है कि दावत में बराती शाहरुख ने रसगुल्ला मांगा। काउंटर पर खड़े युवक ने चमचे से रसगुल्ला दिया जोकि जमीन पर गिर गया। शाहरुख ने दूसरा रसगुल्ला देने को कहा। साथ ही टिप्पणी भी कर दी। यह बात काउंटर पर खड़े युवक को नागवार गुजरी।

उसने शाहरुख के सिर पर चमचा मार दिया। इससे विवाद शुरू हो गया। उस समय बड़े बुजुर्गों ने विवाद शांत करा दिया। रात को बड़ी संख्या में बराती दावत खाकर लौट गए। दो दर्जन से अधिक बराती और दूल्हों के दोस्त रह गए। तभी रसगुल्ले का विवाद गरमा गया और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि घराती पक्ष के युवकों ने बरातियों को घेर लिया।

मोदी भगवान के अवतार हैं, पूरे जीवन पीएम बने रह सकते हैं : मंत्री गुलाब देवी

संभल, 27 अक्टूबर (वार्ता)। योगी आदित्यनाथ सरकार में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह जब तक चाहें यहां तक कि पूरे जीवन प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भगवान का अवतार की तरह हैं। उनका जो शब्द निकलता है। पूरा हिंदुस्तान उस चीज को मानता है। गुलाब देवी ने पत्रकारों बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'माननीय मोदी जी एक अवतार के रूप में हैं। अगर वह चाहे तो जब तक उनका जीवन है, तब तक वह प्रधानमंत्री रहेंगे। ये अटकलबाजियों से वह प्रधानमंत्री पद से हटने वाले नहीं है।

भैया दूज का पर्व धूमधाम से मनाया, सजे बाजार

जानसठ, 27 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र में बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर जहां उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम को दशार्या, तथा त्योहार पर बाजार सजे रहे। बृहस्पतिवार को भैया दूज का पर्व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया।

सुबह ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई थी। बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की। इस दौरान बाजारों में चहल पहल देखी गई। विशेषकर मिठाइयों व उपहारों की दुकानों पर लोगों की अधिक भीड़ थी। मिठाइयों की जमकर खरीददारी हुई। दीपावली के बाद एक बार फिर से दुकानों के बाहर तरह-तरह की मिठाइयां सजी दिखाई दी और उनके खरीददारों का तांता लगा हुआ था। भैया दूज के पर्व को लेकर वाहनों में भी खासी भीड़ थी।

पटाखा छोड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट व पथराव

मीरापुर, 27 अक्टूबर (बु.)। गोवर्धन पूजा के बाद पटाखा चलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई तथा एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर पथराव कर दिया। पथराव में एक दस वर्षीय बच्ची घायल हो गई। चुड़ियाला निवासी जगदीश पुत्र गंगाराम ने मीरापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गोवर्धन पूजा के बाद परिवार के बच्चों ने पटाखा छोड़ दिया। इस बात से नाराज होकर पड़ोसी देवेंद्र पुत्र ब्रह्मचंद ने पुत्र रोहित व दीपांशु के साथ मिलकर जगदीश के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद आरोपी ब्रह्मचन्द पक्ष के लोगों ने जगदीश के घर पथराव कर दिया। इसमें जगदीश की पोती प्रिया पुत्री नितिन घायल हो गई। पथराव की सूचना के बाद इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए तथा यहां से तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया तथा घायल बालिका को उपचार के लिए भिजवाया। आरोपी पिता-पुत्रों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा पुत्र आकाश उर्फ मोन्टी मेरे व मेरी पत्नी के कहने-सुनने में नहीं है, उसका चाल चलन गलत है। उक्त आकाश उर्फ मोन्टी कई दिनों से बाहर रह रहा है और गलत संगत में पड़ गया है। मेरे पुत्र आकाश उर्फ मोन्टी द्वारा किये गये अपराधिक कृत्यों से मुझे गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। मैं हार्ट पैसेन्ट हूं। इसके व्यवहार से तंग आकर मैंने अपने पुत्र आकाश उर्फ मोन्टी को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का आकाश उर्फ मोन्टी से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहेगा, अगर आकाश उर्फ मोन्टी किसी से भी लेन-देन या कोई भी कार्य करता है, तो उसकी सभी प्रकार की जिम्मेदारी आकाश उर्फ मोन्टी की होगी, मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

ओमबीर पुत्र जसवंत सिंह
निवासी : ग्राम काजीखेड़ा, थाना तितावी, जिला मुजफ्फरनगर

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 अक्टूबर, 2022 दिन शुक्रवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच
ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय
28 अक्टूबर 2022, शुक्रवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

कॉलिज में ताले तोड़कर चोरी का प्रयास

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। कॉलिज के कमरों का ताला तोड़कर चोरो ने चोरी का प्रयास किया। प्रधानाचार्य ने घटना के सम्बंध में थाने पर तहरीर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव कमहेड़ा में स्थित दीन मौहम्मद राजकीय इन्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ.रणवीर सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम कॉलिज में तैनात चौकीदार कॉलिज में पहुंचा, तो उसने देखा कि कम्प्यूटर रूम सहित प्रयोगशाला का ताला टूटा हुआ है, जिसकी सूचना उसने प्रधानाचार्य को दी। दोनों कक्ष में सभी सामान सुरक्षित मिलने पर प्रधानाचार्य ने संतोष की सांस ली। प्रधानाचार्य ने तहरीर देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया है।

अन्य विधाओं के चिकित्सक भी एलोपैथिक के समान मानदेय के हकदार

-हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला

लखनऊ, 27 अक्टूबर (वार्ता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में कहा है कि सरकारी अस्पतालों में तैनात आयुष व अन्य विधाओं के चिकित्सक भी एलोपैथी चिकित्सकों के समान मानदेय और अन्य सुविधाएं पाने के हकदार हैं। इनके बीच विभेद नहीं किया जा सकता। इस महत्वपूर्ण नजीर के साथ कोर्ट ने प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य के 29 मार्च 2019 के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें याची आयुष चिकित्सकों के एलोपैथिक के समान मानदेय की मांग वाले प्रत्यावेदन को खारिज कर दिया गया था। न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने डॉ. राम सुरेश राय समेत 29 चिकित्सकों की याचिका पर आदेश दिया कि 14 नवंबर, 2014 के सरकारी आदेश से लागू की गई स्पेशल एश्योर्ड कॅरिअर प्रोग्रेसन (एसएसीपी) योजना अन्य विधाओं के चिकित्सा अधिकारियों पर भी लागू होगी। याचियों का कहना था कि वे आयुष चिकित्सक है और संविदा पर एनआरएचएम योजना के तहत कार्यरत हैं। समय-समय पर उनका नवीनीकरण होता रहा है। जब उन्होंने अपने समान कार्यरत एलोपैथिक डॉक्टरों के बराबर मानदेय दिए जाने का प्रत्यावेदन दिया तो उसे प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने खारिज कर दिया। याचिकाकताओं ने पीएचएमएस संवर्ग के चिकित्सकों को मिलने वाले एसएसीपी के लाभ की तिथि से ही आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों को भी इसका लाभ दिलाए जाने की गुजारिश की थी। कोर्ट ने कहा कि सवाल यह है कि सरकार ऐसी कोई नीति तय कर सकती है जो विभिन्न विधाओं के चिकित्सा अधिकारियों के बीच विभेदकारी हो? जबकि सभी विधाओं के चिकित्सक मरीजों का समान रुप से इलाज करते हों। एसीपी योजना के मद्देनजर, आयुर्वेदिक व अन्य विधाओं के चिकित्सा अधिकारियों को योजना से अलग रखने की प्रशासनिक नीति निश्चित रूप से विभेदकारी है।

जम्मू स्टेशन के पास आतंकी साजिश की आशंका

जम्मू, 27 अक्टूबर (वार्ता)। जम्मू शहर में रेलवे स्टेशन पर टैक्सी स्टैंड के पास से एक संदिग्ध बैग मिला है। बताया जा रहा है कि बैग में कई डेटोनेटर और आईडी बरामद किए गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों की टीम मौके पर हैं। बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। टीम की तरफ से आसपास के इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध बैग मिला है। जांच में बैग में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और करीब 18 डेटोनेटर मिले हैं। पुलिस की टीम ने इन्हें कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी है। आज जम्मू कश्मीर में शौर्य दिवस मनाया जा रहा है। इस बीच शहर जम्मू के बीचों-बीच स्थित रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध बैग का मिलने से लोग सकते में आ गए हैं। पुलिस और सुरक्षाबल मामले की जांच कर रहे हैं। एसएसपी जीआरपी आरिफ रिशु ने कहा कि जम्मू रेलवे स्टेशन में टैक्सी स्टैंड के पास से एक बैग बरामद किया गया है। इससे विस्फोटक सामग्री मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

अपराधी को पकड़ने गई पुलिस से धक्का मुक्की

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। टॉप टेन अपराधी को पकड़ने गयी पुलिस के साथ धक्का मुक्की करके ग्रामीणों ने आरोपी को छुड़वा लिया था। ग्राम निर्धना में पुलिस टॉप टेन अपराधी आजाद की तलाश में गयी थी। अपराधी को पुलिस द्वारा कब्जे में लेने पर पुलिस को महिलाओं व ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा और पुलिस के साथ धक्का मुक्की हुई।आरोप है कि महिलाओं व ग्रामीणों ने आरोपी को छुड़वा लिया था। उसके बाद सूचना पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी राकेश शर्मा पहुंचे। उनका कहना है कि ग्राम निर्धना निवासी आजाद टॉप टेन अपराधी है। वह पुलिस को देखकर भागने लगा था। भागते समय ठोकर लगकर गिरकर घायल व बेहोश हो गया था। जिसे उपचार हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया। गिरफ्तारी वारंट न दिखाने पर ग्रामीणों व महिलाओं की पुलिस की पुलिस से झड़प हुई और ग्रामीणों द्वारा पुलिस का विरोध किया गया। धक्का मुक्की के दौरान कुछ महिलाएं चोटल भी हुई है।

गंगा मेले में भैंसा-बोगी पर रोक को नरेश टिकैत ने बताया गलत, कहा-यह प्राचीन संस्कृति से छेड़छाड़

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। मेरठ और हापुड़ जिला प्रशासन की ओर से गंगा स्नान मेले में भैंसा-बोगी ले जाने पर रोक के फैसले को भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने गलत बताते हुए इसे प्राचीन संस्कृति के साथ छेड़छाड़ का प्रयास बताते हुए कहा है किसान भी अपना नफा-नुकसान जानते हैं। टिकैत ने प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए कहा कि पहले हादसा होने पर किसान के ट्रैक्टर पर प्रतिबंध लगाया गया। अब लंपी बीमारी की बात कर दोनों जिलों का प्रशासन भैसा-बोगी पर रोक लगा रहा है। यह बेहद निंदनीय है। मेले भारतीय संस्कृति की पहचान है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग सदियों से मेलों में अपने-अपने वाहनों पर सवार होकर जाते हैं। सिर्फ यूपी के ही नहीं, बल्कि हरियाणा के किसान भी भैसा-बोगी पर गंगा स्नान में आते रहे हैं। किसान अपने वाहन पर शान से चलता रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या दोनों जिलों का प्रशासन गांव-गांव से किसानों को निःशुल्क मेलों में आवागमन की व्यवस्था कर सकेगा। किसान खुद अपना नफा नुकसान जानता है।

अपनी ही सरकार के खिलाफ कोर्ट पहुंचे सुब्रमण्यम स्वामी, सुरक्षा मुहैया कराने को लेकर लगाया ये बड़ा आरोप

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने गुरुवार को केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने दावा किया कि केंद्र ने अब तक उनके आवास पर कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की है। स्वामी का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो गया था। अपने वकील के जरिए उन्होंने हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में कहा कि सरकार ने उनके सरकारी आवास के पुनः आवंटन की मांग वाली एक याचिका की सुनवाई के दौरान निरंतर सुरक्षा आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मामले में अगली सुनवाई 31 अक्तूबर को होगी। स्वामी का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि जब अदालत ने पूर्व सांसद को बंगला खाली करने केलिए छह सप्ताह का समय दिया था, तो केंद्र ने आश्वासन दिया था कि उनके घर में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। जस्टिस यशवंत वर्मा ने 14 अक्तूबर को स्वामी को छह सप्ताह के भीतर अपने सरकारी बंगले का कब्जा संपत्ति अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया था। उन्हें ये बंगला पांच साल की अवधि के लिए आवंटित किया गया था, जो समाप्त हो गया था।

खट्टे-मीठे पानी पतासे, चटपटी चाट, रंगारंग गीतों के साथ मनाया फैडरेशन ने दीपावली उत्सव

मुजफ्फरनगर। 27 अक्टूबर (बु.)। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कामर्स एण्ड इण्ड्स्ट्री द्वारा भोपा रोड स्थित वृन्दावन गार्डन में दीपावली उत्सव 2022 का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान बाहर रहने के कारण अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन भारत भूषण अरोरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम गायिका पूजा शर्मा ने अपनी आवाज से समां बांधे रखा और अतिथियों से वाह-वाही बटोरी। पूजा शर्मा ने मैं तेरे इश्क में मर ना जाऊं कहीं, मेरे रश्के कमर तूने पहली नजर में ये क्या कर दिया। ऐसे गीतो को खूबसूरती से गायां कार्यक्रम के दौरान एक विशेष कलाकर द्वारा घूंघरू की आवाज मुंह से निकालकर दिखाई गई। नन्हें-नन्हें बच्चों ने भी अपनी-अपनी अलग कला का प्रदर्शन किया, ढाई साल की बच्ची वृन्दा ने सुन्दर गीत गाया, और कार्यक्रम के आयोजकों ने प्रतिभाग करने वाले नन्हें बच्चों से लेकर बड़ों तक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान के दौरान कार्यक्रम के आयोजकों ने चाँदी के सिक्के ही नहीं अपितु सोने के सिक्के भी विजेताओं को दिये। कार्यक्रम के बाद खट्टे मीठे पानी पतासे, चाट, सूप, टिक्की और परम्परागत भोजन सहित कई प्रकार के चटपटे व्यंजन मेहमानों की खिदमत में हाजिर किये गये। जिनका अलग-अलग प्रकार से महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों ने लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के आयोजकों में मुख्य रूप से कार्यक्रम चेयरमैन नीलकमल पुरी, संजय जैन, रजनीश कुमार, प्रमोद अरोरा, रविन्द्र सिंघल, पंकज जैन (गाँधी टेन्ट हाऊस), सोमप्रकाश कुच्छल, विक्रम सम्राट, संदीप सिंह, मनीष अग्रवाल, संजय मित्तल, नवनीत गोयल एड0, रविन्द्र अरोरा, सुनील अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर उनकी धर्मपत्नी अन्जू पुरी ने भी एक गजल गाई। रफ्ता रफ्ता वो मेरे हस्ती का सामां हो गये, पहले जां, फिर जानेजां, फिर जानेजहां हो गये दिन-ब-दिन बढती गईं इस हुस्न की रानाइयां पहले गुल, फिर गुल-बदन, फिर गुल-बदामां हो गए, रफ्ता रफ्ता वो मेरे... गजल गाकर उन्होने वाह वाही तो बटोरी साथ ही फेडरेशन के आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

दीपावली पर श्री राम मन्दिर से बड़ा उपहार कोई नहीं हो सकता- अंकुर दुआ

फेडरेशन के कार्यक्रम के दौरान बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने उन्हें व मंत्री कपिल देव अग्रवाल को वशिष्ठ अतिथि बनाने पर फेडरेशन का आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि दीपावली पर देश के प्रधानमंत्री ने राम मन्दिर के रूप में जो उपहार समस्त देशवासियों को दिया है उससे बेहतर उपहार शायद कोई नही हो सकता। हिन्दू समाज की सात पीढी भी मन्दिर न बना पाती, यदि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा शक्ति दमदार न होती। उन्होंने कार्यक्रम में आये मंत्री कपिलदेव का आभार व्यक्त किया।

शायराना अंदाज में दिखे नीलकमल पुरी
मुजफ्फरनगर। कार्यक्रम के चेयरमैन नीलकमल पुरी व उनकी धर्मपत्नी अन्जू पूरी शायराना अन्दाज में दिखे, और दोनों ने एक दूसरे के लिए गजल और शायरी गाई। शायराना अन्दाज में नीलकमल पुरी ने कहा मैं तुझसे मुहब्बत करता हूँ। मैं तुझे चाहता हूँ इतना कि बिना तुझे देखे तेरी तस्वीर बना सकता हूँ। तेरी आंखों के आंसु अपनी आंखों से निकाल सकता हूँ।

भारत जीता और पाकिस्तान जिंबाब्वे से हारा

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर (वार्ता)। टी20 वर्ल्ड कप सुपर 12 के ग्रुप दो के आज खेले गए आखिरी मैच में जिम्बाब्वे ने बड़ा उलटफेर करते हुए पाकिस्तान को सांसें थमा देने वाले मुकाबले में एक रन से हरा दिया, जिसके बाद पाकिस्तान की टीम लगातार दो मैच हारकर प्वाइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर खिसक गई है। हालांकि पाकिस्तान की हार से सबसे ज्यादा फायदा भारत और दक्षिण अफ्रीका को मिलेगा। क्योंकि ये दोनों टीमें अभी ग्रुप में पहले और दूसरे नंबर पर हैं और पाकिस्तान के लगातार मैच हारने से अब इन दोनों टीमों के लिए सेमीफाइनल की राह आसान हो गई है। भारत और नीदरलैंड के बीच मैच में भारत ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव के अर्द्धशतकों के बाद भुवनेश्वर कुमार की शानदार गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड को एकतरफा मुकाबले में गुरुवार को 56 रन से मात दी। भारत ने सुपर-12 मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाये। नीदरलैंड इसके जवाब में नौ विकेट के नुकसान पर 123 रन ही बना सकी। दो मैचों में दूसरी जीत के साथ भारत ग्रुप-2 की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत के लगातार दो मैच जीतने से अंक तालिका में 4 अंक हो गए हैं और टीम का नेट रन रेट +1.425 है। जिम्बाब्वे ने सिकंदर रजा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान को टी20 विश्व कप 2022 में गुरुवार को एक रन से मात दी। जिम्बाब्वे ने सुपर-12 के रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए, जबकि पाकिस्तान इसके जवाब में आठ विकेट के नुकसान पर 129 रन ही बना सकी। गुरुवार को ग्रुप दो में पहला मैच साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच खेला गया। दक्षिण अफ्रीका ने रिली रोसो के विस्फोटक शतक के बाद एनरिक नॉर्खिया (10/4) और शम्सी की घातक गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को 104 रनों से रौंद दिया।

पटौली में चाय पीने से 5 बच्चों की हालत बिगड़ी

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। गांव पटौली में चाय पीने के बाद पांच बच्चों को उल्टी व चक्कर आने से उनकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर आस-पड़ौस के अनेक लोग एकत्रित हो गए तथा आनन-फानन में बच्चों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव पटौली में गुरूवार की सुबह इस्तखार की पत्नी खुशनुमा ने चाय बनाकर अपने पांचों बच्चों की दी, जिसके पांच मिनट बाद ही बेटी अक्शा (16), मिसबाह (12), मंतशा (8), बेटा फैजान (14) व शाहबान (6) को अचानक चक्कर आने लगे तथा उल्टी भी होने लगी। सूचना पर आस पड़ौस के लोग एकत्रित हो गए तथा आनन-फानन में बच्चों को सीएचसी भोपा पर भर्ती कराया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मुकीम अहमद ने बताया कि परिजनों का कहना है कि बीते बुधवार की शाम के खाने में सभी ने दाल खाई थी, लेकिन सुबह चाय पीने के बाद हालत बिगड़ी है, हो सकता है दूध में कुछ मिला हो। माता-पिता ने चाय नहीं पी है, वे दोनों ठीक हैं।

शेष : धक्कम परेड के सफर में ...

रोडवेज अधिकारियों द्वारा सहारनपुर, बिजनौर, बुढ़ाना, बड़ौत, शामली व कांधला आदि मार्गो पर अधिकांश स्थानों पर बसों के फेरे बढ़ाकर दोगुने करने तथा छोटे रूटों पर चलने वाली बसों के फेरे चार गुना तक बढ़ाने का दावा किया था। आज की भीड़ में यह इंतजाम भी ध्वस्त होते नजर आए। इसके चलते बसों के लिए इंतजार लंबा रहा तो बसों के पहुंचने पर आपाधापी का आलम नजर आया। ऐसे में धक्का मुक्की के बीच कुछ ही लोगों को बसों में सवार होने का मौका मिल पाया और बाकी लोगों के लिए दूसरी बस का इंतजार करने के अलावा कोई चारा ही नहीं था। यह स्थिति सुबह से लेकर रात तक बनी रही। प्राइवेट बस अड्डों पर भी नजारा अलग नहीं था। वहां बसों को कई अतिरिक्त चक्कर लगाने पड़े। इन बसों में अनेक स्थानों पर छतों पर यात्री सफर करने को मजबूर रहे। डग्गामार वाहनों की तो पूरी तरह से चांदी रही। जानसठ बस स्टैंड, भोपा अड्डा, चरथावल अड्डा और शामली बस स्टैंड के अलावा डग्गामार वाहनों के अड्डों पर भी आज दिन भर मारामारी जैसे हालात दिखे और सवारियों को भूसे की तरह वाहनों में भरकर सफर करने पर मजबूर होना पड़ा। ई रिक्शा चालकों के लिए भी आज का दिन काफी व्यस्त रहा।

गंगनहर पटरी पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। जौली गंगनहर पटरी पर भैयादूज पर बुआ के यहां तिलक कराने जा रहे बाइक सवार युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना से परिवार में मच गया।

खतौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी कुरैश निवासी 25 वर्षीय नितिन गुरूवार की सुबह भैयादूज पर अपनी बुआ कुसुम के यहां गांव अलमावाला में बाइक से तिलक कराने जा रहा था। जैसे ही वह भोपा थाना क्षेत्र की जौली गंगनहर पटरी पर पहुंचा, तो सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरने से युवक की मौत हो गई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा चालक को हिरासत में लेकर कार को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना पर स्वजन में कोहराम मच गया तथा स्वजन मौके पर पहुंच गए।

मृतक के पिता मंगल सैनी, मां संतोष, भाई रविंद्र, परवेद्र, हरवेंद्र, अंशु व बहन पूजा पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। जौली पुलिस चौकी प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आरोपी चालक नितिन निवासी बहादराबाद हरिद्वार को हिरासत में ले लिया गया है। अस्पताल में स्टाफ की कमी के चलते बुलेटिन संवाददाता विनेश मलिक ने इंसानियत दिखाई। उन्होंने अपने साथियों के साथ नितिन के शव को उठाने में मदद की।

पुरातन छात्रावास में पीपल के पेड़ पर सांप निकलने से शिक्षक परिवार की नींद हराम

▶ वन विभाग की टीम सांप पकड़ने के लिए कई घंटे डाले रही डेरा, सांप के पेड़ में लुप्त होने से बढ़ी टेंशन

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। महावीर चौक स्थित जीआईसी ग्राउण्ड के पास राजकीय इण्टर कॉलेज के पुरातन छात्रावास में पीपल के पेड़ पर लम्बा सांप दिखाई देने से अफरा तफरी मच गई। यहां पर रहने वाले शिक्षक परिवार ने सांप के विचरण की पूरी वीडियो बना ली। वन विभाग की टीम कई घंटे तक सांप पकड़ने के लिए यहां पर डेरा डाले रही, लेकिन वह पेड़ पर ही कहीं लुप्त हो गया। बाद में सांप को बाहर निकालने के लिए टीम दवा रखकर वहां से चली गई।

राजकीय इण्टर कॉलेज के पुरातन छात्रावास में बरसों से शिक्षक राजीव गोयल का परिवार रहता है। गुरुवार दोपहर के समय आवास के परिसर में लगे सैंकड़ों साल पुराने पीपल के पेड़ पर एक लम्बा सांप विचरण करता दिखाई दिया तो परिवार के पैरों तले की जमीन खिसक गई। दरअसल यह सांप इधर से उधर चलता हुआ, नजर आ रहा था।

यह देखकर शिक्षक परिवार ने सांप के इस विचरण की वीडियो बनाकर वन विभाग की टीम को भेज दी। लम्बे इंतजार के बाद वन विभाग की टीम पहुंची तो सांप पीपल के पेड़ पर बनाए सुरक्षित बिल में दाखिल हो गया। वन विभाग के कर्मचारियों ने अथक प्रयास किया, लेकिन सांप बिल से बाहर नहीं आया। कई घंटे के प्रयासों के बाद विभाग के कर्मचारी सांप को बाहर लाने के इरादे से कोई दवा वहां रखकर चले गये।

सबसे बड़ी दिक्कत यहां रहने वाले गोयल परिवार की है। उनकी तो नींद ही हराम हो गई है। शिक्षक राजीव गोयल का कहना है कि दस साल में उन्हें पहली बार परिसर में सांप नजर आया है। यह सांप पीपल के पेड़ पर कैसे पहुंचा, इस सवाल का जवाब अभी किसी के पास नहीं है।

नशीला पदार्थ पिलाकर काटा गुप्तांग, दो किन्नरों समेत छह पर मुकदमा

थानाभवन, 27 अक्टूबर (बु.)। क्षेत्र के गांव सोंटा रसूलपुर निवासी एक युवक के गुप्तांग काटने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने दो नामजद किन्नरों सहित छः के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि किन्नरों ने पीड़ित को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर उसके गुप्तांग काट दिए तथा सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए।

थानाभवन क्षेत्र के गांव सोंटा रसूलपुर निवासी पीड़ित शहजाद पुत्र जब्बार ने थानाभवन थाने में तहरीर दी कि पीड़ित सिलाई का काम करता है। इसी के चलते थानाभवन व गढ़ीपुख्ता में रहने वाले दो किन्नरों से उसकी जान पहचान है। आरोप है कि पीड़ित किसी कार्य से थानाभवन आया हुआ था। इस दौरान एक कार में दोनों किन्नर सहित छः लोग मिले, जिन्होंने शामली से कपड़ा खरीदने के बहाने पीड़ित को कार में बैठा लिया। आरोप है कि रास्ते में चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर पीड़ित को बेहोश कर दिया। आरोप है कि बेहोश कर आरोपियों ने पीड़ित के गुप्तांग काट दिए तथा थानाभवन के बजाज शुगर मिल के पास फेंककर फरार हो गए। होश में आने पर पीड़ित ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने गंभीर हालत में घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत के चलते घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया है। पीड़ित ने थानाभवन थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उधर थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जाएगी।

तेजाब पीकर महिला की हालत गम्भीर

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला के द्वारा तेजाब के सेवन कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। हालत बिगड़ने पर महिला को भोपा सीएचसी लाया गया, जहां से गम्भीर के चलते महिला को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया । भोपा थाना क्षेत्र के गाँव ककराला के फारूख की पत्नी 50 वर्षीय सम्मो नामक महिला ने तेजाब का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। महिला को एम्बुलेंस द्वारा भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिये लाया गया, जहाँ उसका प्राथमिक उपचार किया गया। गम्भीर हालत चलते महिला को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। परिजनों ने बताया कि चाय के कप में तेजाब रखा हुआ था, जिसे महिला ने पानी समझकर पी लिया।

दुकान से 85 हजार रुपये की चोरी

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आर्य समाज रोड स्थित मेडिकल एजेंसी से चोरों ने 85 हजार की नकदी और कागजात चोरी कर लिए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एजेंसी के सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो वह बंद मिले। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के अम्बा विहार निवासी अमित की आर्य समाज रोड पर मेडिकल एजेंसी है। गुरूवार को एजेंसी पर एक महिला सफाई करने के लिए पहुंची थी। सफाई करने के बाद महिला शीशे वाला गेट बंद कर वापस चली गई। दोपहर डेढ़ बजे अमित वहां पहुंचा, तो दराज में रखे 85 हजार रुपये और कागजात गायब मिले। सूचना पाकर सिविल लाइन इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने छानबीन की, लेकिन सुराग नहीं लगा। एजेंसी के सीसीटीवी भी बंद मिले। इंस्पेक्टर ब्रजेश शर्मा का कहना है कि भैयादूज के चलते बाजार बंद होने के कारण आसपास की दुकान बंद है। उक्त दुकान खुलने पर सीसीटीवी फुटेज चेक की जाएगी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

जिला कारागार में हर्षोल्लास से मना भैयादूज

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। दीपों के पंच पर्व के अंतिम दिन भैया दूज के अवसर पर गुरुवार को बहनों ने अपने भाईयों के ललाट पर तिलक लगा उनकी लंबी आयु की मंगल कामना की। इस कड़ी में जिला कारागार में भी बड़ी संख्या में बंदियों के परिजनों ने पहुंचकर उनके माथे पर तिलक करने के साथ बधाई दी। इस दौरान जिला कारागार प्रशासन की ओर से दूर दराज से आई बहनों का रंगोली बनाकर स्वागत किया गया, वहीं जेल अधीक्षक की पहल पर बहन भाईयों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ ही मिठाई आदि का भी अलग से प्रबंध किया गया था। दीपों के पंच पर्व के अंतिम दिन भैया दूज पर बड़ी संख्या में कारागार में बंद जहां बहनों के लिए भाईयों ने पहुंचकर तिलक करवाया वहीं बहनों ने भी कारागार में जाकर अपने भाईयों के माथे पर तिलक करते हुए उनके दीर्घायु होने और उनके सुख समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान जेल प्रशासन ने भी भैया दूज पर्व को लेकर तमाम तैयारियां की हुई थी। इस कड़ी में जहां कारागार के मुख्य गेट और परिसर में रंगोली बनाई गई, इसके साथ ही भाई-बहनों के एक साथ बैठने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई। इससे पूर्व अलसुबह से ही जिला कारागार के बाहर बड़ी संख्या में भाई और बहनों की बड़ी लम्बी कतारें लग गई, जिसमें अपनी बारी का इंतजार करते हुए दूर दराज से आई बहनों ने कारागार में पहुंचकर अपने भाईयों और महिला कारागार में विभिन्न मामलों में निरुद्ध बहनों से भाईयों ने तिलक कराकर पर्व मनाया। इस दौरान जिला कारागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

▶ कारागार प्रशासन ने भी रंगोली एवं मिठाई खिलाकर किया बहनों का स्वागत

पटाखे से युवक की आंखों की रोशनी गई

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव मेघाखेड़ी में सड़क पर चलाए जा रहे पटाखों से एक युवक की आंख की रोशनी चली गई। इस संबंध में पुलिस में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मेघाखेड़ी निवासी राजपाल पुत्र दिलावर सिंह ने बताया कि वह कुछ सामान लेने के लिए बाजार जा रहा था। रास्ते में गांव का ही पाला पटाखे चला रहा था। उसके द्वारा चलाया गया पटाखों उसकी आंख पर लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि पाला के भाईयों ने उसके साथ गाली गलौंच करते हुए उसे धमकी दी। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस ने थाने के टॉप-10 हिस्ट्रीशीटर बदमाश को तमंचे समेत गिरफ्तार किया, भेजा जेल

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। थाने के टॉप-10 व हिस्ट्रीशीटर बदमाश को पुलिस ने तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गुरूवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। आरोपी के विरुद्ध गौवंश कटान, गैंगस्टर आदि के एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि सटीक सूचना पर उप निरीक्षक विकास कुमार ने बीते बुधवार को मोरना की नई बस्ती से थाने के टॉप-10 व हिस्ट्रीशीटर बदमाश मौहम्मद नजर उर्फ पुन्नन को एक तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। आरोपी शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध गौवंश कटान, गैंगस्टर, अवैध हथियार, जानलेवा हमला आदि के 14 मुकदमे दर्ज है।

कुश्ती के राष्ट्रीय खिलाड़ी की हत्या

गाजियाबाद, 27 अक्टूबर (वार्ता)। राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी अरुण उर्फ वरुण की हत्या करने वाले युवक राजपुर गांव के हैं। पुलिस ने वायरल हुए वीडियो को देखकर उनकी पहचान कर ली है। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई लेकिन वे घर पर नहीं मिले। उनके मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहे हैं। वायरल वीडियो में वे आठ सेकंड के भीतर ही दो बार अरुण के सिर पर ईंट से प्रहार करते नजर आ रहे हैं। इससे पहले उन्हें सड़क पर गिराकर लात और घूंसे मारे। इसके बाद सड़क से ही एक युवक ईंट उठाकर लाया और सिर में दे मारी। अगले ही क्षण उसने दूसरी बार प्रहार किया। अरुण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद हमलावर अपनी कार से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि वे अरुण के गांव जावली के पड़ोस के गांव राजपुर के हैं। उनकी तलाश में पांच टीमें लगाई गई हैं।

तीव्र मोड़ पर पलटी कार खाई में गिरी, आधा दर्जन लोग घायल

भोपा, 27 अक्टूबर (बु.)। भोपा-बेलड़ा मार्ग पर बने तीव्र मोड़ पर जियारत लौट रहे जायरीन की कार अनियंत्रित होकर कार खाई में जा गिरी, जिससे कार में सवार व्यक्ति घायल हो गये। मौके पर पहुँची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है। मेरठ जनपद के थाना इंचौली क्षेत्र के कस्बा लावड़ निवासी मुस्तकीम का परिवार बुधवार को कलियर शरीफ दर्शन व नियाज के लिये गया था। गुरूवार को वापस लौटते समय जैसे ही वह बेलड़ा स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास पहुँचे, तभी सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई जा गिरी। कार में सवार यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण उधर दौड़े तथा घायलों की मदद की। कार के पलटने से मुस्तकीम सहित उसकी पत्नी शबनम, भाभी इमराना, बहन फिरदौस, भांजा फिरोज, भाई शाहवेज घायल हो गये। सूचना पर पहुँचे थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने घटना की जानकारी कर घायलों को भोपा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र के पचैंडा रोड पर हुए हादसे में घायल एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में रथेड़ी निवासी बाबर ने बताया कि गांव का ही वाजिद 24 अक्टूबर को उसके पुत्र सद्दाम को घर से बुलाकर ले गया था। बाद में उसे बताया गया कि उसका पुत्र पचैंडा रोड पर हादसे में घायल हो गया है। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसके पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

न्यायिक अधिकारी विवाद प्रकरण में अधिवक्ता अमित जैन को क्लीन चिट

मुजफ्फरनगर, 27 अक्टूबर, (बु.)। निलंबित अपर जिला जज और उनकी पत्नी द्वारा लगाये गये आरोपों के मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी ने अधिवक्ता अमित जैन को क्लीन चिट दे दी है। एसआईटी ने जैन के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करते हुए -ूठी रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति की है।

मुजफ्फरनगर में तैनात अपर जिला जज और अधिवक्ता अमित जैन के बीच एक केस को लेकर विवाद किसी से छिपा नहीं है। इसी मामले में न्यायिक अधिकारी की पत्नी ने सिविल लाइन थाने में अधिवक्ता अमित जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। अधिवक्ता अमित जैन ने भ्रष्टाचार को लेकर एक ओडियो रिकार्डिंग भी हाईकोर्ट भेजकर न्यायिक अधिकारी की पत्न